नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# सीएम मंत्र : अच्छे अंक अहंकारी न बनाएं

- सफलता केवल अच्छे अंक में नहीं, उसके संस्कार में
- संघर्षों से बचने वाले जीवन में कभी सफल नहीं होते



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थी की वास्तविक सफलता केवल अच्छे अंक अथवा प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में नहीं, बल्कि उसके संस्कार, विनम्रता, अनुशासन और व्यक्तित्व में निहित होती है. विद्यार्थी सफलता से उत्साहित हों, लेकिन अपने भीतर अहंकार नहीं आने दें.**

असफलता से निराश होने के स्थान पर असफलता के कारणों को समझें और उनसे सीख लेकर भविष्य को बेहतर बनाएं. मैदान में उतरने वाला खिलाड़ी ही कभी हारता और कभी जीतता है. जीतने का सपना देखने और चुनौतियों का सामना करने का साहस रखने वाला ही सच्चा खिलाड़ी कहलाता है. संघर्षों से बचने वाले जीवन में कभी सफल नहीं होते. जीवन में कठिनाइयों और चुनौतियों से घबराने की आवश्यकता नहीं है. सफलता संघर्ष, धैर्य और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है. परमात्मा ने प्रत्येक व्यक्ति को सीमित और मूल्यवान समय दिया है. विद्यार्थी इसका सदुपयोग करते हुए पूरी ईमानदारी से अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें. आज किया गया परिश्रम ही कल की बड़ी सफलता का आधार बनेगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से प्रदेश के लगभग एक लाख 22 हजार मेधावी विद्यार्थियों के बैंक खातों में लैपटॉप खरीदने के लिए 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि अंतरित की. प्रत्येक पात्र प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई.

### ज्ञान और संभावनाओं का प्रवेश-द्वार लैपटॉप

डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि लैपटॉप केवल एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुसंधान, नवाचार और भविष्य की नई संभावनाओं का प्रवेश-द्वार है. विद्यार्थी इसका उपयोग ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल पाठ्य सामग्री, ई-लाइब्रेरी, शोध तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए करें. तकनीक के माध्यम से अपने ज्ञान का विस्तार करते हुए विद्यार्थी अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लें. उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं. विद्यार्थियों की सफलता में उनके माता-पिता और शिक्षकों के त्याग, परिश्रम एवं मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है.

### पहले विद्यार्थी लड्डू तक के लिए तरस जाते थे

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में प्रदेश में शिक्षण संस्थानों और विद्यार्थियों को समुचित अवसर नहीं मिल सके. वर्तमान राज्य सरकार ने विद्यालयीन शिक्षा से लेकर उच्च, तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा तक अधोसंरचना, बजट तथा संस्थानों का व्यापक विस्तार किया है. एक समय ऐसा भी था, हम गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर लड्डू तक के लिए तरस जाते थे. लेकिन आज स्थिति बदल गई है, अब बच्चों को लैपटॉप तक मिल रहे हैं. मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों से उनके भविष्य के सपनों को लेकर संवाद भी किया.

# साईं मनोहर बने सीएम के सलाहकार

## आईपीएस वायंगणकर पदोन्नत होकर बने एडीजी



**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 1 अगस्त. प्रदेश सरकार ने आईपीएस अधिकारी निरंजन बी. वायंगणकर को एडीजी पद पर पदोन्नत किया है. वहीं, एडीजी इंटेलिजेंस के पद से सोमवार को सेवानिवृत्त हुए ए. साईं मनोहर को रिटायरमेंट के महज 12 घंटे बाद मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त कर दिया गया.**

मंगलवार को दोनों से जुड़े आदेश जारी किए गए. 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी निरंजन वायंगणकर अब तक आईजी साइबर के पद पर पदस्थ थे. एडीजी का पद रिक्त होने के बाद सरकार ने उन्हें पदोन्नत कर एडीजी साइबर की जिम्मेदारी दी है. वायंगणकर प्रदेश में सबसे वरिष्ठ आईजी में शामिल थे. महाराष्ट्र डेप्युटेशन के बाद उनकी सीआर खराब होने के कारण वे अपने बैच के अन्य अधिकारियों से करीब नौ साल पीछे हो गए थे. इसी साल 1 जनवरी को उन्हें डीआईजी से आईजी पद पर पदोन्नत किया गया था. अब करीब नौ महीने बाद उन्हें एडीजी बनाया गया है. एडीजी इंटेलिजेंस के पद से सोमवार को सेवानिवृत्त हुए ए. साईं मनोहर को सरकार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त कर दिया. यानी सेवानिवृत्ति के करीब 12 घंटे बाद ही उन्हें नई जिम्मेदारी मिल गई.



अर्जेंटीना के महान दिग्गज ने आखिरकार संन्यास ले लिया!

# आरजीपीवी का हुआ बंटवारा, राजीव गांधी नाम भी हटा

■ भोपाल के साथ उज्जैन और जबलपुर में विवि स्थापित होगा ■ मध्य, मालवा और महाकौशल प्रौद्योगिकी एवं कौशल विवि होगा नाम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 सितंबर. प्रदेश का प्रतिष्ठित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी आरजीपीवी अब बीते इतिहास की बात बनकर रह जाएगा. मप्र सरकार इस विश्वविद्यालय को अब तीन हिस्सों में बांट रही है. यानी अब आरजीपीवी तीन अलग-अलग विवि में तब्दील हो जाएगा.**

एक का मुख्यालय भोपाल होगा, जिसे मध्य भारत प्रौद्योगिकी एवं कौशल विवि कहा जाएगा, इसी तरह उज्जैन में स्थापित होने वाले विवि को मालवा और जबलपुर में स्थापित होने वाले विवि को महाकौशल विवि के नाम से जाना जाएगा. इन तीनों ही विवि के नामों में राजीव गांधी नहीं रहेगा.

मंगलवार को कैबिनेट ने इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. राज्य सरकार ने तर्क दिया है कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के संवर्धन, क्षेत्रीय संतुलन और अधोसंरचना की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय किया गया है. निर्णय के तहत भोपाल स्थित वर्तमान विश्वविद्यालय को मध्य भारत प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय, उज्जैन के स्वशासी इंजीनियरिंग कॉलेज को मालवा प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय तथा जबलपुर के स्वशासी इंजीनियरिंग कॉलेज को महाकौशल प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया जाएगा.

इसी प्रकार जबलपुर स्थित महाकौशल प्रौद्योगिकी एवं कौशल विवि के क्षेत्राधिकार में जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभागों के तकनीकी संस्थान शामिल किए जाएंगे. तीनों विश्वविद्यालयों के संचालन के लिए अलग अधिनियम लागू किए जाएंगे. उज्जैन एवं जबलपुर में नवीन स्थापित होने वाले दोनों विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक संचालन के लिए प्रारंभिक स्तर पर कुलगुरु, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, उप कुलसचिव तथा वित्त अधिकारी के पदों को मंजूरी दी गई है.

### कौन-कौन से विवि आएंगे दायरे में

वर्तमान में आरजीपीवी के तहत 13 पाठ्यक्रम, 585 संस्थाएं और 3 लाख 83 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययन करते है. स्वीकृत व्यवस्था के तहत प्रदेश के सभी तकनीकी महाविद्यालयों को संभागवार विभाजित कर नवीन गठित तीन विश्वविद्यालयों के क्षेत्राधिकार में सौंपा गया है. भोपाल स्थित मध्य भारत प्रौद्योगिकी एवं कौशल विवि के अधीन भोपाल, नर्मदापुरम, चंबल और ग्वालियर संभाग आएंगे. उज्जैन स्थित मालवा प्रौद्योगिकी एवं कौशल विवि के तहत उज्जैन और इंदौर संभाग रहेंगे.

### सीएस की अध्यक्षता में साधिकार समिति गठित

कैबिनेट ने तीनों विश्वविद्यालयों की स्थापना और आगे की कार्यवाही को गति देने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय मप्र प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय साधिकार समिति के गठन को भी स्वीकृति दी है. इस समिति में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, वित्त, उच्च शिक्षा और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिवों एवं मध्यभारत प्रौद्योगिकी विश्वद्यालय के कुलगुरु सहित आयुक्त तकनीकी शिक्षा को सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया गया है.

# चित्रकूट में फिर उफनी मंदाकिनी, बाढ़ का खतरा बढ़ा, अलर्ट

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट, 1 सितंबर. मध्य प्रदेश के सतना जिले की धार्मिक नगरी चित्रकूट में लगातार बारिश के कारण मंदाकिनी नदी का जलस्तर फिर तेजी से बढ़ रहा है. देर रात से जारी वर्षा के चलते नदी का पानी बढ़ने लगा है.**



मंदाकिनी के रौद्र रूप को देखते हुए संभावित बाढ़ की आशंका ने नदी किनारे रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है. बारिश के बीच स्थानीय लोग नदी के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए हैं. पानी बढ़ने के साथ ही लोगों में इस बात की आशंका बढ़ रही है कि यदि वर्षा का सिलसिला जारी रहा तो हालात और बिगड़ सकते हैं. नदी के आसपास रहने वाले लोग संभावित खतरे को देखते हुए सतर्कता बरत रहे हैं.

मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ने का असर नदी किनारे स्थित घाटों पर साफ दिखाई दे रहा है. घाटों पर पानी भर गया है. वहीं कुछ स्थानों पर जलभराव के कारण सड़कों पर नाव चलने की स्थिति भी सामने आई है. इससे स्थानीय स्तर पर आवाजाही प्रभावित होने लगी है. बीते दिनों आई बाढ़ के दौरान चित्रकूट में मंदाकिनी ने विकराल रूप धारण किया था. उस समय नदी के बढ़े पानी से कई क्षेत्रों में मुश्किल हालात बने थे. उस अनुभव के कारण नदी का वर्तमान उफान स्थानीय लोगों के लिए अतिरिक्त चिंता का कारण बन गया है. यदि बारिश नहीं थमी तो बढ़ सकती है परेशानी.

### प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है. नदी के आसपास के क्षेत्रों और पहले से प्रभावित इलाकों में निगरानी बढ़ाई जा रही है. लोगों से नदी तथा जलभराव वाले स्थानों से दूरी बनाए रखने की अपील की जा रही है. प्रशासन की ओर से स्थानीय लोगों को किसी भी संभावित खतरे की स्थिति में जारी निर्देशों का पालन करने और अनावश्यक रूप से जोखिम वाले स्थानों पर नहीं जाने की सलाह दी जा रही है.

# नौकरी का सपना दिखाकर करोड़ों का खेल

## 90 लाख की कथित ठगी से हिला वारासिवनी

**नवभारत न्यूज**

**बालाघाट, 1 सितंबर. जिले में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित रूप से लाखों-करोड़ों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है.**

वारासिवनी निवासी ब्रजकिशोर ठाकरे ने लालबर्रा-अमोली निवासी सुमित वृषिक के विरुद्ध पुलिस थाना वारासिवनी में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर गंभीर आरोप लगाए हैं. शिकायत में दावा किया गया है कि सरकारी एवं आउटसोर्स नौकरियों में नियुक्ति दिलाने का झांसा देकर वर्षों तक बेरोजगार युवाओं और उनके परिवारों से बड़ी रकम वसूली गई, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो नौकरी मिली और न ही राशि वापस की गई. ब्रजकिशोर ठाकरे का कहना है कि वह स्वयं इस पूरे प्रकरण का सबसे पहले शिकार बना. शिकायतकर्ता का दावा है कि उसके तथा अन्य लोगों के माध्यम से आरोपी तक 80 से 90 लाख रुपये की राशि पहुंची. बृजकिशोर ने सभी वित्तीय लेन-देन की जांच की मांग की है.ब्रजकिशोर ठाकरे ने आरोप लगाया है कि जब उसने अपनी और अन्य लोगों की राशि वापस मांगनी शुरू की तो उसें कथित रूप से धमकियां दी गईं. पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि मामले में बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल भुगतान रिकॉर्ड और कथित नियुक्ति दस्तावेजों की गहन जांच कर एफआईआर दर्ज की जाए. साथ ही यह भी पता लगाया जाए कि धनराशि का उपयोग कहां किया गया.



# भोज वेटलैंड, केरवा और कलियासोत का होगा अंतिम सीमांकन

**जबलपुर, 1 सितंबर.** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), सेंट्रल जोन बेंच भोपाल ने भोज वेटलैंड, केरवा और कलियासोत जलस्रोतों के संरक्षण व फुल टैंक लेवल (एफटीएल) के अंतिम निर्धारण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं.

एनजीटी ने सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करते हुए कहा कि इन जलस्रोतों के एफटीएल संबंधी विवाद का स्थायी समाधान किया जाए. न्यायमूर्ति एसके सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की युगलपीठ ने कहा कि किसी जलस्रोत को डैम या रिजर्वायर कहने मात्र से उसकी मूल पर्यावरणीय प्रकृति नहीं बदल जाती. जलस्रोतों का संरक्षण वर्तमान और भावी पीढ़ियों के हित से जुड़ा है. भोज वेटलैंड का एफटीएल क्षेत्रफल 3, 946. 33 हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें अपर लेक का 3, 872.43 और लोअर लेक का 73. 90 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है. एनजीटी ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि पूर्ण जलस्तर की स्थिति प्राप्त होने तक वेटलैंड के गेट नहीं खोले जाएं.

# ‘छात्रों की गूंज’ को ननि की ना

## राहुल के कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम देने से इनकार

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर, 1 सितंबर. राहुल गांधी की सभा के लिए नगर निगम द्वारा नेहरू स्टेडियम देने से मना कर दिया गया है. राहुल गांधी का 12 सितंबर को ’छात्रों की गूंज ’कार्यक्रम प्रस्तावित है.**

उक्त कार्यक्रम के लिए शहर कांग्रेस और कांग्रेस पार्षद दल ने नेहरू स्टेडियम किराए पर देने का आवेदन दिया था. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल ने कल सुबह स्टेडियम देने की निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल से मांग की थी.



आज नगर निगम आयुक्त ने राहुल गांधी के कार्यक्रम हेतु स्टेडियम देने से मना कर दिया है. बताया जा रहा है कि कोर्ट आदेश और खेल गतिविधियों का हवाला दिया गया है. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने फोन पर बात करने के दौरान स्टेडियम देने से मना कर दिया है. चौकसे ने कहा कि लिखित में नगर निगम द्वारा कल मनाही का पत्र दिया जाएगा.

नगर निगम द्वारा स्टेडियम देने से मना करने को लेकर चौकसे ने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही हैं. राहुल गांधी के लिए स्टेडियम नहीं देने के पीछे बीजेपी तुष्टिकरण की राजनीति हिस्सा है. चौकसे ने कहा कि राहुल की सभा के लिए रिजनल पार्क के सामने राऊ विधानसभा या फिर सांघी परिसर में से किसी जगह पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

# रेलवे सुविधाओं से व्यापार-पर्यटन को मिलेगी गति

- केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पोहरी ओवर ब्रिज का किया निरीक्षण
- सिंधिया ने कहा- शिवपुरी की कनेक्टिविटी से बढ़ेगा व्यापार



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 1 सितंबर. केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने शिवपुरी प्रवास के दौरान नवनिर्मित शिवपुरी अमृत भारत रेलवे स्टेशन का दौरा कर यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने निर्माणाधीन पोहरी रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली.**

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हाल ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकार्पित शिवपुरी का आधुनिक अमृत भारत रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बेहतर रेल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं को नई गति दे रहा है. आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह स्टेशन शिवपुरी के नागरिकों को अधिक सुविधाजनक और बेहतर रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा.

### पोहरी ओवर ब्रिज से आवागमन होगा सुगम

सिंधिया ने निर्माणाधीन पोहरी रेलवे ओवर ब्रिज का भी निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि यह ब्रिज क्षेत्र में आवागमन को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के साथ यातायात व्यवस्था को बेहतर करेगा. उन्होंने कहा कि अमृत भारत रेलवे स्टेशन और रेलवे ओवर ब्रिज जैसी परियोजनाएं शिवपुरी के व्यापार, पर्यटन और आवागमन को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेंगी.

### गुस्ताखी माफ




अमानवीय | आरोपी अघोरी काली उर्फ नंदगिरी से पुलिस कर रही पूछताछ

# मानव शव का मांस खाने वाली अघोरी हिरासत में

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन, 1 सितम्बर. चक्रतीर्थ शमशान घाट पर जलती चिता से मानव शव का मांस खाने वाली कथित अघोरी काली उर्फ नंदगिरी को मंगलवार दोपहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.**



एक दिन पहले सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था जिसके बाद संत समाज ने नाराजगी व्यक्त की थी.30 अगस्त को सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अघोरी किन्नर काली उर्फ नंदीगिरी ने अपना एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें वह चक्र तीर्थ स्थित श्मशान घाट में रात के समय जलती चिता के आसपास तंत्र मंत्र करते हुए और तलवार के माध्यम से मानव शव का मांस खाते दिखाई दे रही थी. वीडियो सामने आने के बाद संत समाज ने नाराजगी जताई थी. मामले में जीवाजीगंज थाने पर विष्णु नाथ महाराज गुरु बम बम नाथ ने शिकायती आवेदन सौंप कर पुलिस से काली उर्फ नंदगिरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी. जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि काली नंद गिरि के खिलाफ बीएनएस की धारा 301 के तहत एफआईआर दर्ज की है. पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है. उसके द्वारा जलती चिता से मानव शव का सेवन करने का कृत्य किया गया था.

### विरोध हुआ तो जारी किया दूसरा वीडियो

जलती चिता से मानव शव का मांस खाने वाला वीडियो सामने आने के बाद विरोध शुरू हुआ तो काली उर्फ नंदगिरी ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से युक्त वीडियो को हटा दिया लेकिन दूसरा वीडियो फिर से चक्रवर्ती शमशान घाट पहुंचकर बनाया जिसमें वह चिता की राख को अपने चेहरे और शरीर पर लगती दिखाई दे रही है. राख लगाने के बाद वहां उन लोगों को भी धमकी देते हुए कह रही है कि बात करना है तो सामने आकर करें वह मरने से नहीं डरती है.

# विवेक मीणा हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने एनकाउंटर कर किया गिरफ्तार
- मुख्य आरोपी के पैर में लगी गोली, उपचाररत

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 1 सितंबर. शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में 27 अगस्त को हुए सनसनीखेज विवेक मीणा हत्याकांड में ग्वालियर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने बीती रात शंकरपुर स्टेडियम इलाके में घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

इस दौरान आरोपियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ भी हुई, जिसमें मुख्य आरोपी सौरभ गुर्जर घायल हो गया.

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि हत्याकांड के आरोपी शंकरपुर स्टेडियम क्षेत्र में छिपे हुए हैं. सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बहोड़ापुर थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी की. खुद को घिरा देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी काउंटर फायरिंग की, जिसमें मुख्य आरोपी सौरभ गुर्जर के पैर में गोली लग गई.

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल सौरभ गुर्जर को दबोच लिया, जबकि उसका साथी राहुल गुर्जर भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया. देर रात करीब 2:30 बजे हुए इस एनकाउंटर के बाद घायल आरोपी सौरभ गुर्जर को उपचार के लिए जयरोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं दूसरे आरोपी राहुल गुर्जर को पूछताछ के लिए बहोड़ापुर थाने लाया गया है.

गौरतलब है कि 27 अगस्त की रात आनंद नगर चौपाटी पर विवेक मीणा की तीन आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस वारदात के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी.

### इनका कहना है...

पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.